nwda.gov.in

सीएम मोहन यादव के पत्र पर योगी आदित्यनाथ का एक्शन

यूपी बुझाएगा एमपी की प्यास

टीकमगढ़ में पेयजल पर मचा हाहाकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

लखनऊ. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के अनुरोध पर ललितपुर के जमरार बांध से टीकमगढ़ को 0.72 एमसीएम पानी की आपूर्ति पर सहमति जताई है। दरअसल, टीकमगढ़ शहर में पेयजल संकट को दूर करने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था। इस पत्र के जवाब में योगी आदित्यनाथ ने ललितपुर जिले के जमरार बांध से 0.72 एमसीएम पानी टीकमगढ़ शहर को देने की सहमति जताई है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की इस पहल से टीकमगढ़वासियों को जल्द ही पानी की समस्या से निजात मिलेगी।



वर्षों की समस्या घंटों में निपटाई

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ शहर में पानी की समस्या बढ़ने के बाद एमपी के सीएम मोहन यादव ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने टीकमगढ़ शहर की पेयजल समस्या के समाधान के लिए योगी आदित्यनाथ से ललितपुर जिले में स्थित जमरार डैम से पानी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।

इस समय पूरे देश में गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड में गर्मी के मौसम में अक्सर पानी की समस्या से लोगों की हालत खराब हो जाती है। इसी के चलते भीषण गर्मी में मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड का इलाका पानी की कमी की मार झेल रहा है।

इसके लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पानी की समस्या के मामले में मदद मांगी थी। एमपी के सीएम का पत्र मिलते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह समस्या निपटा दी। उन्होंने एमपी के अन्य क्षेत्रों में भी चल रही पानी की समस्या को दूर करने के लिए मदद की बात कही है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पत्र

मुख्यमंत्री मोहन यादव के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीकमगढ़ शहर की पेयजल व्यवस्था के लिए जमरार डैम से 0.72 एमसीएम पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। सीएम मोहन यादव ने 12जून को यूपी के सीएम को पत्र लिखा और उसी दिन यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने समस्या निपटा दी। इसका पत्र भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।